दिनांकः 04.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

18वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में सम्पन्न हुए मतदान के बाद आज पूरा देश नतीजों का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। सुबह आठ बजे से अब तक हुई विभिन्न राउंड की वोटों की गिनती के बाद प्रदेश की 25 सीटों में से भाजपा 14, कांग्रेस 8, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी एक, राष्ट्रीय लोकत्रांतिक पार्टी एक और भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार एक सीट पर आगे चल रहे हैं। भाजपा के दिग्गज चेहरे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल और भूपेन्द्र यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं हॉट सीट बाड़मेर से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी तीसरे स्थान पर पिछड़ रहे हैं। यहां कांग्रेस के उम्मेदाराम बेनीवाल निर्दलीय रवीन्द्र सिंह भाटी से आगे हैं। टोंक–सवाईमाधोपुर सीट से मौजूदा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया कांग्रेस के हरीश मीणा से पीछे हैं। उधर, झालावाड़–बारां सीट से पिछली चार बार से सांसद दुष्यंत सिंह अपनी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस की उर्मिला जैन से लगातार आगे चल रहे हैं। अजमेर से मौजूदा सांसद भागीरथ चौधरी और पाली से सांसद पी.पी. चौधरी भी लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी चित्तौड़गढ़ से लगातार आगे दिखाई दे रहे हैं।
बांसवाड़ा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के राजकुमार रोत का पलड़ा अब तक भारी नजर आ रहा है। वहीं बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी के जयकिशन पटेल बढ़त बनाए हुए हैं। जयपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा की मंजू शर्मा अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के प्रताप सिंह खाचरियावास को बड़े अंतर से पछाड़ते हुए निर्णायक बढ़त की ओर हैं। वहीं जयपुर ग्रामीण से अब तक हुई मतगणना में भाजपा के राव राजेन्द्र सिंह ने कांग्रेस के अनिल चौपड़ा को पीछे छोड़ दिया है। सीकर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कामरेड अमरा राम चुनावी रण में मौजूदा सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती से आगे नजर आ रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

नागौर से आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल अपनी प्रतिद्वंद्वी ज्योति मिर्धा पर 11 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से बढ़त पर हैं।
उदयपुर से भाजपा के मन्नालाल रावत, राजसमंद से महिमा कुमारी और जालौर–सिरोही से लुंबाराम चौधरी बढ़त बनाए हुए हैं।
दौसा से कांग्रेस के मुरारी लाल मीणा एक लाख 84 हजार से ज्यादा वोटों से आगे चल रहे हैं। भरतपुर से कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव भी निर्णायक बढ़त की ओर अग्रसर हैं। साथ ही करौली–धौलपुर सीट से भजनलाल जाटव और झुंझुनूं से बृजेन्द्र ओला, श्रीगंगानगर से कुलदीप इंदौरा आगे चल रहे हैं। वहीं भीलवाडा सीट से कांग्रेस के डॉ. सी.पी. जोशी भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल से पिछड़ रहे हैं।

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर अगले कुछ दिनों में तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य के उत्तरी पश्चिमी भागों में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक रहने और हीटवेव चलने की आशंका है। अन्य स्थानों पर पारा 45 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड होने और हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है। इस बीच, कल से कुछ भागों में एक नए पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इससे कई जगहों पर गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है और कहीं–कहीं तेज हवाएं चल सकती हैं।